मेरा श्याम है गर साथ तो

मेरा श्याम है गर साथ तो हर काम मुमकिन है
हर बात मुमकिन है के हर मुकाम मुमकिन है
मेरा श्याम है गर साथ तो ....

जो इनकी राह चलता है और इनसे मिले जुले
जीवन को महका देते हैं बहारों के सिलसिले
फिर खुशनुमा आगाज़ और अंजाम मुमकिन है
हर बात मुमकिन है के हर मुकाम मुमकिन है
मेरा श्याम है गर साथ तो ....है

तालों में लाख बंद हो किस्मत तो फिर जगी
बस एक बार श्याम से जिसको लगन लगी
जो चाहता है मन वही परिणाम मुमकिन है
हर बात मुमकिन है के हर मुकाम मुमकिन है
मेरा श्याम है गर साथ तो ....

बाबा के प्रेमी को कभी होती नहीं फिकर
चोखानी सांवरा मेरा रखता है सदा नज़र
ये चाहते है तो फिर तेरा बड़ा नाम मुमकिन है
हर बात मुमकिन है के हर मुकाम मुमकिन है
मेरा श्याम है गर साथ तो ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11231/title/mera-shyam-hai-gar-sath-to-har-kam-mumkin-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |